# कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल 15 सितंबर तक चालू होगा

## पथ निर्माण मंत्री ने अभियंताओं से ली प्रगति रिपोर्ट, पुल निर्माण समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** कच्ची दरगार से बिदुपुर छह लेन गंगा पुल 15 सितंबर तक चालू हो जाएगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शनिवार को विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएसआरडीसी) द्वारा राज्य में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

मंत्री ने हाई पावर ड्रेजर से गाद की सफाई कर कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्सलेन गंगा पुल का निर्माण तय समय पर पूरा करने का अधिकारियों सहित ठेकेदार को निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में मंत्री ने उच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर बिहार का पहला 6 लेन एक्स्ट्राडोज केबल ब्रिज का निर्माण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुरू करवाया है। इस ब्रिज का निर्माण होने से उत्तर और दक्षिण बिहार की संपर्कता सुविधाजनक होगी। साथ ही गंगा नदी के बीचों-बीच दियारा क्षेत्र के विकास में इस पुल का अभूतपूर्व योगदान होगा। इस दौरान उन्होंने पुल निर्माण की प्रगति के संबंध में अभियंताओ से जानकारी ली। बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी, बीएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मुख्य महाप्रबंधक बब्लू कुमार, महाप्रबंधक आशुतोष कुमार सिंह, अरुण कुमार और ब्रजसेन परियोजना से संबंधित उप महाप्रबंधक (तकनीकी) बैठक में मौजूद थे।



शनिवार को राज्य में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन। साथ में बीएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक व अन्य।

- **पथ निर्माण मंत्री ने राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली**
- **मंत्री ने हाई पावर ड्रेजर से गाद की सफाई कर पुल निर्माण जल्द पूरा करने को कहा**

### नदी में पानी कम होने से कठिनाई

बैठक के क्रम में पटना से राघोपुर तक के कार्यों की समीक्षा की गई। राघोपुर से बिदुपुर तक पुल के अंश के निर्माण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मंत्री को राघोपुर से बिदुपुर अंश के निर्माण के संबंध में ठेकेदार ने बताया कि गंगा के उत्तरी चैनल में कम पानी होने की वजह से बार्ज के परिचालन में दिक्कतें आ रही हैं। तीन स्पैन में सेगमेंट लॉचिंग में कठिनाई हो रही है। इस समस्या से निपटारे के लिए उत्तरी चैनल में पांच सौ मीटर चौड़ाई और करीब एक किमी लंबाई में नदी के गाद को साफ करना होगा। मंत्री ने निर्देश दिया कि इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से हाई पावर ड्रेजर की सहायता से गाद की सफाई तुरंत शुरू करें। इससे पुल के बचे शेष काम को तय समय में पूरा किया जा सकेगा।